प्रसारण तिथि : 31.07.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **वर्ष 2031 तक देश में जारी रहेगी प्रधानमंत्री–किसान सम्मान निधि योजना : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खेलो इंडिया योजना के विस्तार का प्रस्ताव भी किया पारित।**
2. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों को परखा : सिंगापुर, ओमान, ऑस्ट्रिया, ब्राजील सहित अन्य देशों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश।**
3. **उत्तर प्रदेश कांस्टेबल भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित : 17 अगस्त से शुरू होगी शारीरिक परीक्षण और प्रमाण पत्र की जांच। और**
4. **कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए किए गए व्यापक इंतज़ाम : कई जिलां में रूट डायवर्जन लागू, यात्रा के दौरान बदायूं में 8वीं तक के स्कूल शनिवार और सोमवार को रहेंगे बंद।**

———————

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि–पीएम–किसान योजना को 2026–27 से 2030–31 तक जारी रखने को मंजूरी दे दी है। इस अवधि के दौरान इस योजना के लिए कुल 3 लाख 15 हज़ार करोड़ रुपये का**

वित्तीय आवंटन स्वीकृत किया गया है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के माध्यम से, डीबीटी द्वारा पात्र किसान परिवारों को समय पर और पारदर्शी आय सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे किसानों को कृषि निवेश बढ़ाने और अपनी आजीविका को मजबूत करने में मदद मिल रही है। बाइट.....

*पीएम किसान योजना को और आगे एक्सटेंशन दिया गया है। और इस प्रोग्राम में देश के किसानों को क्रॉप साइकिल के हिसाब से बेनिफिट दिया जाता है। साल में तीन बार ₹2000 इनकम सपोर्ट दिया जाता है। इसमें पिछले 5 वर्षों में क्यूमुलेटिव डिसबर्समेंट अभी करीब–करीब ₹310000 करोड़ का बेनिफिट किसानों के पास जा चुका है।*

उत्तर प्रदेश के किसानों ने इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है। जौनपुर के किसान श्याम दत्त ने कहा कि पीएम–किसान योजना के तहत दी गई सहायता से किसानों को कृषि आवश्यकताओं से जुड़ी चीज़ें खरीदने में बहुत मदद मिलती है। बाइट.....

*यह जो हमें एक पीएम किसान सम्मान निधि मिलती है, मैं अपनी किसान से संबंधित आवश्यकताओं की पूर्ति कर लेता हूं। मैं इसी पैसे से बीज खरीद लेता हूं। इसी पैसे से खाद खरीद लेता हूं। मैं नरेंद्र मोदी जी का धन्यवाद देता हूं कि जो उन्होंने किसान सम्मान निधि को आगे तक बढ़ाया है।*

इसके अलावा मंत्रिमंडल ने 2026–27 से 2030–31 तक की अवधि के लिए 36 हज़ार 441 करोड़ रुपये के संयुक्त परिव्यय के साथ विस्तारित खेलो इंडिया योजना और राष्ट्रीय खेल संघों की बढ़ी हुई सहायता को भी मंजूरी

दे दी है। स्वीकृत बजट पिछली खेलो इंडिया योजना की तुलना में लगभग 8 गुना है। प्रदेश के खिलाड़ियों ने इस निर्णय का स्वागत किया है। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डॉ, सैयद रफत जुबैर रिज़वी ने इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है। बाइट..

*भारत के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज कैबिनेट ने जो निर्णय पास किया है और खेलो इंडिया के लिए और नेशनल फेडरेशन के लिए जो बजट स्वीकृत किया है वह पूर्व वर्षों की तुलना में आठ गुना अधिक है जो दर्शाता है कि भारत सरकार खेलों के लिए कितनी कटिबद्ध है और इसके सर्वांगीण विकास के लिए वह हर क्षेत्र में प्रयास कर रही है जिसके लिए मैं उनकी भूरी–भूरी सराहना और प्रशंसा करता हूं।*

केन्द्रीय कैबिनेट ने 5 हजार 70 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना को भी मंजूरी दी है।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 25 से 29 सितम्बर को ग्रेटर नोएडा में होने वाले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रड शो की तैयारियों की आज समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इसे उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमता, नवाचार, उत्पादों और निर्यात सामर्थ्य को विश्व के समक्ष प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर बताया। एक रिपोर्ट.....

*ट्रेड शो के चौथे संस्करण में 2400 से अधिक प्रदर्शकों, डेढ़ लाख से अधिक पंजीकृत बी2बी खरीदारों, करीब साढ़े चारलाख से अधिक बी2सी आगंतुकों और 85 देशों से 550 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की सहभागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही 4000 से अधिक*

*एमओयू, 3200 करोड़ रुपए से अधिक प्रस्तावित एमओयू मूल्य और 13 हज़ार 500 करोड़ रुपए से अधिक बिजनेस इंक्वायरी होने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने सिंगापुर, ओमान, ऑस्ट्रिया, ब्राजील, थाईलैंड, जापान, इंडोनेशिया और रूस सहित अन्य देशों के साथ भी सक्रिय संवाद स्थापित कर उनकी अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने आरक्षी नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। अभ्यर्थी अपना परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर देख सकते हैं। बोर्ड के अनुसार, लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन और फिज़िकल टेस्ट की प्रक्रिया 17 अगस्त से शुरू की जाएगी। इसमें सफल पाए गए अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा सितंबर 2026 में आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है।

———————————

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी कल प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर सिद्धार्थ नगर आयेंगे। स्थानीय सांसद जगदंबिका पाल ने बताया कि केंद्रीय मंत्री कल भगवान बुद्ध की तपोस्थली सिद्धार्थनगर में विपश्यना केंद्र और कपिलवस्तु स्थित बुद्धा स्तूप में लाइट एवं साउंड शो का उद्घाटन करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

———————————

वाराणसी के श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में शिव भक्तों और कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सावन माह के दसरे दिन सुबह से ही श्रद्धालु गंगाजल लेकर बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कांवड़ यात्रा को लेकर रूट डायवर्जन लागू किए गए हैं। अमरोहा में पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर बताया है कि श्रावण मास के प्रत्येक रविवार शाम 5 बजे से सोमवार शाम 5 बजे तक एन एच 9 पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने बताया कि ऐसे में सभी प्रकार के वाहन निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से गुजारें जाएंगे। बदायूं में कांवड़ यात्रा के मद्देनज़र प्रत्येक शनिवार और सोमवार को कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल बंद रहेंगे। अंबेडकरनगर में कांवड़ यात्रा को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए 09

जोनल, 78 सेक्टर और 09 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। ज़िलाधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर लगातार निगरानी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। बाइट.....

*कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जो ये अयोध्या का रूट है टांडा होके उसपे भी विशेष रूप से इंतजाम किए गए हैं। सारे सड़कों को गंदा मुक्त किया गया है। जो हमारे मेन घाट है महादेवा घाट उसकी लगातार सफाई के लिए तीन शिफ्टों में सफाई कर्मी लगाए गए हैं। प्रकाश की व्यवस्था की गई है। तीन लेयर्स ऑफ बैरिकेडिंग लगाई गई है ताकि किसी की भी जल लेने के समय कोई किसी प्रकार की कोई दुर्घटना ना हो और जिला प्रशासन समुचित रूप से सतर्क है और सेक्टर मजिस्ट्रेट्स की ड्यूटी लगाई गई है कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या किसी भीसंधायन को ना है।*

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज लखनऊ विश्वविद्यालय का 69वां दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर अभय करंदीकर शामिल हुए। इस अवसर पर 111 मेधावी छात्रों को 204 पदक प्रदान किए गए। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा सिर्फ ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि राष्ट्र और भविष्य निर्माण की आधारशिला है।

——————————

पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश और हरिद्वार, बिजनौर और नरारा बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं के कछला गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान

से ऊपर पहुंच गया है। इसके चलते जिले की सदर, दातागंज और सहसवान तहसील के 36 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी अवनीश राय ने अधिकारियों को स्थिति पर नज़र रखने और राहत और बचाव दल को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है।

(समाप्त)